15.00 hrs.

Title: Need for early completion of construction work of Sardar Sarovar Project, Gujarat.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : वर्तमान में सरदार सरोवर योजना अपनी पूर्णता के महत्वपूर्ण अंतिम चरण की ओर अग्रसित है तथा सरदार सरोवर नर्मदा निगम भी इस योजना हेतु बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने के लिए लम्बे समय से प्रयत्नशील है। देश की प्रमुख बैंकों ने भी इस योजना में पूंजी लगाने की तत्परता दिखाई है परन्तु इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना में ऋण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की नई सूचनाओं के अनुसार कोई भी बैंक अथवा वित्तीय संस्था से ऋण मांगने वाली पार्टी को अपनी पूंजी निधि से 25 प्रतिशत एवं संयुक्त कम्पनी हेतु 50 प्रतिशत ही कर्ज मिल सकता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना हेतु तो अधिकाधिक फंड की आवश्यकता होती है एवं रिजर्व बैंक की उपरोक्त सूचनानुसार इसे अपेक्षित ऋण नहीं मिल सकता।

इन मर्यादाओं के क्रम में गुजरात सरकार ने मई, 2001 को माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सूचनाओं में रियायत कर किसी भी एक प्रोजेक्ट के लिए कैपिटल फंड से 40 प्रतिशत तक ऋण मिल सके, का निवेदन किया है।

मेरी सदन के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से मांग है कि वे सरदार सरोवर नर्मदा निगम को इस बहुद्देश्यीय योजना को पूरा करने एवं उसे अपेक्षित ऋण प्राप्ति हेतु रिजर्व बैंक की सूचनाओं में संशोधन करें जिससे कि इस योजना को पूरा करने में आर्थिक सहयोग मिल सके एवं इस महत्वपूर्ण जनोन्मुखी योजना का लाभ गुजरात, राजस्थान एवं महाराट्र की जनता को मिल सके।